हेमंत खंडेलवाल और प्रेम शुक्ला ने राहुल गांधी पर लगाए आरोप

एसआईआर पर भ्रम फैला रहा विपक्ष

मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। श्री खंडेलवाल ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष एसआईआर को लेकर भ्रम फैला रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कोई नई प्रक्रिया नहीं है। आजादी के बाद यह 12 बार हो चुकी है, जिनमें 10 बार कांग्रेस शासनकाल में हुई।

श्री खंडेलवाल ने मतदाता सूची से 13 करोड़ नाम हटाने के दावे को भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहराव वाले मतदाताओं के सत्यापन को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने के लिए मृत व्यक्तियों के नाम हटाना, दोहराव समाप्त करना और अपात्र नामों का सत्यापन जरूरी है। उन्होंने बताया कि एसआईआर में बूथ लेवल अधिकारियों के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट भी शामिल रहते हैं।



श्री खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा ने विपक्ष की कथित नकारात्मक राजनीति के खिलाफ 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान शुरू किया है। इंदौर, जबलपुर और भोपाल में पदयात्राएं निकाली गई हैं। आगामी दिनों में इन्हें जिलों तक पहुंचाया जाएगा।

प्रेम शुक्ला ने राहुल गांधी पर सदन में बहस से बचने और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी चुनावी पराजय का आत्ममंथन करने के बजाय निर्वाचन आयोग पर आरोप लगा रही है। श्री शुक्ला ने दावा किया कि मध्यप्रदेश में लगभग 2.7 लाख दोहराव वाले और 8.46 लाख मृत मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है और विपक्ष को तथ्यों के आधार पर अपनी आपत्तियां दर्ज करानी चाहिए।

मुख्यमंत्री आज मुरैना में स्वामित्व योजना के हितग्राहियों से करेंगे संवाद

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार, 6 नवंबर को मुरैना जिले के ग्राम करुआ में स्वामित्व योजना के हितग्राहियों से संवाद करेंगे। इस दौरान वे ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिलाने और संपत्ति संबंधी अधिकार सुनिश्चित करने के अभियान में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री जिले के स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित मकानों और अन्य संपत्तियों के



पात्र हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख एवं स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण परिवारों को संपत्ति का कानूनी अधिकार मिलने के साथ आर्थिक गतिविधियों और वित्तीय सुविधाओं का लाभ लेने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 6 नवंबर से मंत्री, सांसद और विधायक गांवों में पहुंचकर अपनी उपस्थिति में शत-प्रतिशत रजिस्ट्रियां पूर्ण कराएंगे। प्रदेश में अब तक लगभग 15 लाख 98 हजार 46 रजिस्ट्रियां की जा चुकी हैं। सरकार ने 15 नवंबर तक 20 लाख रजिस्ट्रियां पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों का वैधानिक मालिकाना हक दिलाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

पंचायत उपचुनाव के लिए 4 दिसंबर को मतदान

नप्र, भोपाल : राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि पंचायत उपचुनाव-2026 का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 4 दिसंबर को सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा।

उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र 12 नवंबर से लिए जाएंगे। नामांकन की अंतिम तारीख 19 नवंबर, जांच 20 नवंबर और नाम वापसी की अंतिम तारीख 23 नवंबर निर्धारित की गई है। इसी दिन चुनाव चिह्न आवंटित होंगे।

सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य के एक-एक तथा सरपंच के पांच पदों पर चुनाव होंगे। मतगणना 8 दिसंबर को सुबह 8 बजे से होगी। जिला पंचायत सदस्य के परिणाम 9 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने गौवत्स द्वादशी पर दीं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गौवत्स द्वादशी (बछ बारस) के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। गौमाता हमारी आस्था, संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और गौसेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कामना की कि गौमाता की कृपा सभी प्रदेशवासियों पर बनी रहे।

जीएडी को अधूरी फाइलें भेजने पर सरकार नाराज

प्रमुख सचिव की मंजूरी अनिवार्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश सरकार ने प्रमुख सचिव और सचिव की अनुमति के बिना सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) से सीधे पत्राचार करने पर नाराजगी जताई है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि अधूरी जानकारी और बिना उचित परीक्षण के भेजी जाने वाली फाइलों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। ऐसे प्रकरणों को बिना कार्रवाई के नस्तीबद्ध कर दिया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों, राजस्व मंडल अध्यक्ष, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि शासकीय विभागों से परामर्श या मार्गदर्शन मांगने के लिए भेजे जाने वाले प्रस्तावों का पहले संबंधित विभाग अपने स्तर पर गहन परीक्षण करें।

निर्देशों के अनुसार, किसी भी प्रकरण को जीएडी भेजने से पहले उपलब्ध नियमों, परिपत्रों और दिशा-निर्देशों का गंभीरता से अध्ययन किया जाए। इसके बाद ही आवश्यकता होने पर स्पष्ट बिंदुओं के साथ प्रस्ताव भेजा जाए। संबंधित प्रकरण प्रमुख सचिव या सचिव के अनुमोदन के बाद ही सामान्य प्रशासन विभाग को भेजे जाएंगे।

विभाग ने कहा है कि पहले भी कई बार परिपत्र जारी कर इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद कई विभाग उपलब्ध नियमों और निर्देशों का परीक्षण किए बिना फाइलें भेज रहे हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना भेजी जाने वाली नस्तियों और पत्रों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में विभाग की ओर से पत्राचार भी नहीं होगा और प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिए जाएंगे।

डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

नप्र, भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान संगीतकार और भारत रत्न, डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. हजारिका ने सुरों और गीतों के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं और समरसता को स्वर दिया। उनके गीत-संगीत सदैव प्रशंसकों के हृदय को आनंदित करते रहेंगे।

ई-अटेंडेंस ऐप में तकनीकी खामी, प्रदेशभर के शिक्षक उपस्थिति दर्ज नहीं कर पाए

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रदेश के सरकारी स्कूलों में गुरुवार को शिक्षक ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं कर पाए। स्कूल शिक्षा विभाग के 'हमारे शिक्षक' ऐप में तकनीकी समस्या के कारण सुबह और पूरे दिन की पाली के विकल्प गायब हो गए। साथ ही लॉगिन समय में अचानक बदलाव होने से शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शिक्षकों के अनुसार, ऐप में केवल दोपहर, ऑन ड्यूटी और रात्रि की पाली के विकल्प दिखाई दे रहे थे। सुबह और पूरे दिन की पाली में कार्यरत शिक्षक निर्धारित समय पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर पाए। शा. शिक्षक संगठन मप्र के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कौशल ने विभाग का ध्यान इस तकनीकी समस्या की ओर आकर्षित किया।


अर्जुनसिंह की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह की जयंती पर गुरुवार को विधानसभा के सेंट्रल हॉल में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, विधायक अजय अर्जुन सिंह और स्वर्गीय अर्जुन सिंह के परिवारजनों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।



इस अवसर पर उनके सार्वजनिक जीवन, प्रदेश के विकास और लोकतांत्रिक परंपराओं में योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्यजन उपस्थित रहे। विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर स्वर्गीय अर्जुन सिंह को याद किया।







मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com